# कार्यालय सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला शिवपुरी

दूरभाष. क्रमांक- 07492-233640 ईमेल- pswshi@mp.nic.in

क्रमांक./स्था/2023/ 1383 शिवपुरी दिनांक 29-08-23

## विज्ञप्ति

म.प्र. शासन उप सचिव सामाजिक न्याय एंव दिव्यांगजन सशक्तिकरण म.प्र. भोपाल का पत्र क्रमांक/2475/1306216/23/26-2 दिनांक 23-08-2023 द्वारा दिव्यांग व्यक्तियो के समग्र एंव स्थाई पुनर्वास तथा सेवाओ के प्रदाय हेतु जिला पुनर्वास केन्द्र हेतु आवश्यक सैटअप पदो की मानदेय/ संविदागत नियुक्ति के लिए निम्नलिखित पदो की पूर्ती हेतु पात्र आवेदको से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। आवश्यक अर्हता/ योग्यता शिवपुरी एंव जिले की एन.आई.सी. द्वारा विकसित वेवसाईट www.shivpuri.nic.in अथवा सामाजिक न्याय एंव दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग शिवपुरी तथा कार्यालय कलेक्टर जिला शिवपुरी के नोटिस वोर्ड पर भी अवलोकन किया जा सकता है.

रिक्त पदो का विवरण आवश्यक अर्हता/ योग्यता एंव निर्धारित मानदेय निम्नानुसार है।

| क्र. | पदनाम | पदो की संख्या | पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं | मानदेय प्रतिमाह |
|---|---|---|---|---|
| 1 | क्लीनिकल मनोचिकित्सक/ पुनर्वास मनोचिकित्सक | 01 | क्लीनिकल मनोचिकित्सक<br>क. क्लीनिकल मनोचिकित्सक मे एम.फिल.<br>ख. क्लीनिकल मनोचिकित्सक मे व्यावसायिक डिप्लोमा<br>पुर्नवास मनोचिकित्सक<br>क. पुनर्वास मनोचिकित्सक मे एम.फिल.<br>ख. पुनर्वास मनोचिकित्सक मे ग्रेजुएट पोस्ट डिप्लोमा(PGDRP) | 20,500/- |
| 2 | हियरिंग असिस्टेंट जूनियर स्पीच थेरापिस्ट(ईयर माल्ट टेक्निशियन) | 01 | श्रवण यंत्रो की जानकारी मरम्मत/कर्णमोल्ड वाने के साथ वाक एंव श्रवण मे डिप्लोमा/ स्पीचएंड हियरिंग तकनीशियन पात्रता हियरिंग लैंग्वेज और स्पीच् मे डिप्लोमा(DHLS)/ ईयर,मोल्ड तकनीशियन पात्रता हियरिंग एंव रिपेयर और प्रौधोगिकी मे डिप्लोमा(DHAREMT)। | 16,000/- |
| 3 | मोविलिटी इन्ट्रक्टर | 01 | दसबी+गतिशीलता मे प्रमाण पत्र/ डिप्लोमापात्रता:अधिमानत गतिशीलता विज्ञान मे स्नातक(BMSC)या दृष्टि बाधिता मे डी.एड. विशेष शिक्षा/ वी.एड. विशेष शिक्षा। | 14,500/- |
| 4 | मल्टीपरपज रिहेब्लीटेशन वर्कर | 01 | वहु उदेश्यीय पुनर्वास कार्यकर्ता पात्रता समुदाय आधारित पुनर्वास (PGDCBR) मे पोस्ट ग्रेजुएट/समुदाय आधारित पुनर्वास (DCBR)/ समुदाय आधारित सामावेशी विकास(CBID)/ एम.आर.डब्ल्यू. मे डिप्लोमा। | 14,500/- |
| 5 | वोकेशनल काउंसलर कम कम्प्यूटर असिस्टेट | 01 | व्यावसायिक पुनर्वास मे डिप्लोमा (DVR)/ वाल मार्गदर्शन और परामर्श मे एडवांस्ड डिप्लोमा ( ADCGC)/ पुनर्वास विज्ञान मे स्नातक। | 14,500/- |
| 6 | ट्रान्स डिसिप्लिनरी स्पेशल एडुकेटर(MR) | 01 | दो पक्षो के लिए पात्रता: (01) श्रवणवाधिता मे (DEDSE/ BEDSE) (02) BI /IED/ CP /ASD/ MD /DB/ SLD मे DEESE /BESE | 16,000/- |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | एडमिनिस्ट्रेटिव आफीसर | 01 | स्नातकोत्तर एंव दिव्यांगता के क्षेत्र मे 05 वर्ष का अनुभव | 18,000/- |
| 8 | चौकीदार | 01 | 8वीं पास | कलेक्टर दर पर (अकुशल श्रमिक) |

नियुक्ति हेतु आवश्यक शर्तें:-

1- उपरोक्त सभी 08 पद एकांकी होने से आरक्षण प्रावधान से मुक्त होगे।

2- प्राथमिकता के आधार पर स्थानीय संसाधनो के माध्यम से जहां तक संभव है कार्यान्वयन एजेन्सी / डी.एम.टी.द्वारा मानदेय/सविंदागत आधार पर स्टाफ को नियुक्त किया जाना है:-

अ - मानदेय आधार पर कार्यरत सरकारी /जिला अस्पतालो के मौजूदा पेशेवर।

व. टोकन मानदेय के भुगतान पर कार्यरत सरकारी/जिला अस्पतालो के मौजूदा पेशेवर।

स. पूर्णतः संविदात्मक आधार पर कार्यरत पेशेवर और अन्य।

3 - सभी पद शासन द्वारा निश्चित मानदेय पर स्वीकृत हुए है उक्त पद पर चयनित उममीदवार का भविष्य मे नियमिति करण किए जाने हेतु कोई भी दावा /वाद विवाद स्वीकार एंव मान योग्य नही होगा।

4- नियुक्ति पूर्णतः सविदा पर एक बर्ष के लिए रहेगी। किसी भी एक पक्ष द्वारा एक माह के पूर्व नोटिस पर किसी भी समय सेवायें समाप्त की जा सकती है । एक वर्ष के पश्चात सेवाएं सतोषप्रद पाये जाने पर ही पुनः सेवा मे वृद्धि की जा सकेगी।

5- चयनित उम्मीदवार का नियुक्ति के पूर्व पुलिस विभाग से चरित्र सत्यापन एंव मेडिकल करवाया जावेगा। अनुकूल प्रतिवेदन प्राप्त होने पर ही नियुक्ति आदेश जारी किया जावेगा।

6- उम्मीदवार का चयन मेरिट/कांउसलिंग /साक्षात्कार जैसी भी स्थिति होगी नियुक्ति कर्ता अधिकारी द्वारा तय की जावेगी। जिसके संबंध मे कोई वाद विवादमान्य नही किया जावेगा।

7- निर्धारित योग्यता से कम योग्यता/ आवेदन की शर्ते पूर्ण नही करने अथवा आवेदन समय पर प्राप्त न होने की स्थिति मे आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। जिसके संबध मे पृथक से कोइ्र सूचना नही दी जावेगी ।

8- आयु न्युनतम एंव अधिकतम शासन नियमानुसार पात्र उम्मीदवार को आयु शिथिलता की पात्रता होगी।

9- आवेदक को पात्र पाये जाने पर आवश्यकता अनुसार साक्षात्कार / कांउसलिंग की सूचना उसके आवेदन पत्र मे दर्शाये गये वर्तमान पत्र व्यवहार के पते पर दी जावेगी।

10- आवेदक को आवेदन पत्र के लिफाफे के उपर आवेदित पदनाम का उल्लेख अवश्य करे।

11- न्यूनतम एवं अधिकतम आयु की गणना रिक्त पदों की विज्ञप्ति होने के केलेंडर वर्ष 01 जनवरी 2023 के संदर्भ में की जावेगी |

12- विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय कलेक्टर जिला शिवपुरी का ही मान्य होगा |

13- यदि कोई अभ्यर्थी विज्ञप्ति पदों में से एक से अधिक पदों के लिए आवेदन प्रस्तुत करना चाहता है तो वह ऐसे पद के लिए प्रथक-प्रथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करने होगे। एक आवेदन पत्र पर एक ही पद के लिए स्वीकार होगा।

14- जो आवेदक पूर्व से नियोजित है उन्हे आवेदन पत्र के साथ अपने नियोजक का अनापति प्रमाण पत्र सलंग्न करना आवश्यक होगा।

15- आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए गये सभी प्रमाण पत्रो/ अभिलेखे की छाया प्रति स्वंय के द्वारा प्रमाणित होना आवश्यक है।

Scanned with OKEN Scanner

16- उक्त पदो मे चयनित प्रतिभागियो (तकनीकी) अनुक्रमांक एक से आठ तक को जिला दिव्यांग एंव पुर्नवास परिषद. अधिनियम 1992 को भारतीय पुनर्वास परिषद (आर.सी.आई.) मे पंजीपद्ध होना आवश्यक है।

17- योग्य पुनर्वास पेशेवर कुछ समय के लिए उपलब्ध नही होने पर डी.एम.टी. कम योग्यता वाले व्यक्तियो की भर्ती कर सकती है जबकि ऐसे पेशेवर उपलब्ध न हो जाए तथापि तकनीकि श्रम शक्ति के स्थान पर गैर तकनीकी व्यक्तियो की नियुक्ति नही की जावेगी।

18- अन्तिम तिथि दिनांक 15-09-2023 को सांय 05:30 वजे पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रो पर कोई विचार नही किया जावेगा।

19- आवेदन पत्र जिला कार्यलय सामाजिक न्याय एंव दिव्यांगजन सशसक्तिकरण जिला शिवपुरी म.प्र. के पते पर सीधे जमा अथवा डाक द्वारा प्रेषित किए जा सकते है।

(बिजेन्द्र सिंह यादव)
डिप्टी कलेक्टर एंव प्रभारी उपसंचालक
सामाजिक न्याय एंव दिव्यांगजन सशक्तिकरण
जिला शिवपुरी

पृष्ठांकन/स्था./2023/1384 शिवपुरी दिनांक 29-08-23

प्रतिलिपि-

1- आयुक्त सामाजिक न्याय एंव दिव्यंगजन सशक्तिकरण म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ।

2- आयुक्त (विज्ञापन) जनसम्पर्क कार्यालय संचालनालय म.प्र.वाणगंगा रोड भोपाल कृपया उक्त सूचना एंव संलग्न आवेदन का प्रारूप नियमानुसार प्रमुख समाचार पत्रो प्रकाशित कराने का कष्ट करें ।

3- जनसम्पर्क अधिकारी जिला शिवपुरी की ओर सादर सूचनार्थ ।

4- जिला अधिकारी राष्ट्रीय सूचना केन्द्र शिवपुरी को जिले की एन.आई.सी.द्वारा विकसित वेवसाइट www.shivpuri.nic.in पर विज्ञापन एंव आवेदन का निर्धारित प्रारूप अपलोड करने हेतु प्रेषित।

डिप्टी कलेक्टर एंव प्रभारी उपसंचालक
सामाजिक न्याय एंव दिव्यांगजन सशक्तिकरण
जिला शिवपुरी

Scanned with OKEN Scanner